SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2023-24
NOTES (TERM-2)

CLASS : 5 **SUBJECT: HINDI**
Prepared By: PUJA JAISWAL **LESSON- 14, पानी**

प्रश्न १) शब्द अर्थ एवं श्रुतलेख पाठ्यपुस्तक 'प्रतिभा' से लिखिए ।

प्रश्न २) खाली जगह भरिए –

क) पत्र लिखने का मुख्य उद्देश्य है कि तुम मेरी कीमत को समझो ।

ख) पानी के कारण ही प्रत्येक जीव की उत्पत्ति हुई ।

ग) खाद्य पदार्थो में भी मेरा अंश होता है ।

प्रश्न ३) दिए गए शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

क) उत्पत्ति = जन्म

पानी के कारण ही प्रत्येक जीव की उत्पत्ति हुई ।

ख) भूजल = भूमी का पानी

बारिश का पानी भूजल के रूप में जमा करना चाहिए ।

ग) महत्त्व = श्रेष्ठता

हमें पानी का महत्त्व समझना चाहिए ।

प्रश्न ४) एक वाक्य में उत्तर लिखिए –

क) पानी का जन्म कब हुआ ?

उत्तर - पानी का जन्म आज से अरबों वर्ष पहले इस पृथ्वी पर हुआ ।

ख) हमारे लिए पानी का कौन सा रूप उपयोगी है ?

उत्तर- हमारे लिए पानी का केवल शुद्ध और स्वच्छ रूप उपयोगी है ।

ग) हमें अपने तथा पानी के भलाई के लिए क्या करना चाहिए ?

उत्तर- हमें अपने तथा पानी के भलाई के लिए अपना रवैया बदलना चाहिए |

प्रश्न ५) दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए -

क) पानी किस-किस रूप में हम तक पहुँचता है ?

उत्तर- पानी भाप, बर्फ और भूजल के रूप में तालाबों , झरनों , नदियों के द्वारा हम तक पहुँचता है |

ख) पानी पर किस कारण दबाव बढता जा रहा है ?

उत्तर- जनसंख्या में वृद्धि , तेज़ी-से बदलता रहन-सहन , खान-पान के ढंग से पानी पर दबाव बढ़ता जा रहा है|

व्याकरण

प्रश्न ७) रेखांकित शब्दों में संज्ञा का कौन-सा भेद है ? लिखिए –

क) <u>सेना</u> में कई सैनिक होते हैं | - समूहवाचक संज्ञा

ख) मैं <u>भारत</u> में रहता हूँ। - व्यक्तिवाचक संज्ञा

ग) मुझे <u>चांदी</u> के आभूषण बहुत पसंद हैं। - द्रव्यवाचक संज्ञा